नाम .......................... अनुक्रमांक ..........................

CS/241

# वार्षिक परीक्षा, 2026
# समाजशास्त्र
# कक्षा—11

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 100

निर्देश—

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय हैं। प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अति लघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 25 शब्दों में देना है। प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु उत्तरीय हैं, जिनकी उत्तर सीमा 50 शब्द है। प्रश्न संख्या 27 से 29 तक दीर्घ उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में देना है।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. समाजशास्त्र के जनक कौन हैं ? 1

(i) मैक्स वेबर (iii) कार्ल मार्क्स
(ii) ऑगस्ट काम्टे (iv) हरबर्ट स्पेन्सर

2. अर्जित प्रस्थिति किससे सम्बन्धित है ? 1

UPBoardHub

(i) योग्यता से (iii) शक्ति से
(ii) जन्म से (iv) जाति से

3. मौलिक अधिकारों की रक्षा कौन करता है ? 1

(i) परिवार (iii) कानून
(ii) राज्य (iv) राज्य और कानून

4. सामूहिक प्रतिनिधान की अवधारणा किसकी है ? 1

(i) दुर्खीम (iii) मीड
(ii) कूले (iv) फ्रॉयड

5. "साक्षात्कार एक कला है न कि विज्ञान।" यह कथन किसका है ? 1

(i) लुण्ड वर्ग (iii) जॉन मेज
(ii) मोजर (iv) पी.वी. यंग

6. सामाजिक संरचना में पाया जाता है— 1

(i) संगठन (iii) संगठन व विघटन
(ii) विघटन (iv) इनमें से कोई नहीं

7. प्रभुत्व जातियों का विचार किसका है ? 1

(i) मजूमदार (iii) एम.एन. श्रीनिवास
(ii) मुखर्जी (iv) मैक्स वेबर

8. मानव अधिकार दिवस कब मनाया जाता है ? 1

UPBoardHub

(i) 8 दिसम्बर
(ii) 4 मार्च
(iii) 5 जून
(iv) 22 दिसम्बर

9. टेलीफोन का आविष्कार किस वैज्ञानिक ने किया ? 1

(i) हरग्रीव्ज
(ii) जेम्सवाट
(iii) बैल
(iv) कार्टराइट

10. निम्नलिखित में से जातिव्यवस्था का आधार है— 1

(i) राष्ट्र
(ii) जन्म
(iii) प्रजाति
(iv) क्षेत्रीयता

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

11. समाज की दो विशेषताएँ बताइए। 2

12. अर्जित प्रस्थिति के दो आधार बताइए। 2

13. नातेदारी व्यवस्था से आप क्या समझते हैं ? 2

14. पूँजीवाद की दो विशेषताएँ बताइए। 2

15. अनुसूची का अर्थ बताइए। 2

16. सामाजिक स्तरीकरण के दो आधार बताइए। 2

17. वायु प्रदूषण किसे कहते हैं ? 2

18. औद्योगिक क्रान्ति के दो कारण बताइए। 2

19. धर्म किसे कहते हैं ? 2

20. अन्तर्विवाह किसे कहते हैं ? 2

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

UPBoardHub

21. सभ्यता की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। 5

22. श्रम विभाजन पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 5

23. भौतिक और अभौतिक संस्कृति में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 5

24. वेबर के अनुसार सत्ता कितने प्रकार की होती है ? 5

25. मुक्त व्यापार की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए। 5

26. पर्यावरण पर अम्ल वर्षा के प्रभावों का वर्णन कीजिए। 5

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

27. समाजीकरण के प्रमुख अभिकरणों पर संक्षेप में प्रकाश डालिए। 10

अथवा

गाँव, कस्बा तथा नगर एक–दूसरे से किस प्रकार भिन्न हैं ? 10

28. विवाह का अर्थ एवं उद्देश्य बताइए। 10

अथवा

सामाजिक नियन्त्रण में धर्म की भूमिका की विवेचना कीजिए। 10

29. अवलोकन के गुण एवं दोषों का वर्णन कीजिए। 10

अथवा

सामाजिक स्तरीकरण के स्वरूपों का वर्णन कीजिए। 10

UPBoardHub